उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्याः 183(i)/70/01/डी0आर0(मा0शि0)/सेवा–1/2019–20 दिनांक 11 फरवरी, 2022

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग– समूह 'ग') सेवा (सामान्य एवं महिला शाखा) मुख्य परीक्षा–2020 के सापेक्ष अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग–समूह 'ग') सेवा (सामान्य एवं महिला शाखा) परीक्षा–2020 हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या : A-1/S-1/2020 दिनांक 09 अक्टूबर, 2020 की मुख्य परीक्षा के सापेक्ष औपबन्धिक रूप से **अभिलेख सत्यापन सूची (Documents Verification List)** विज्ञप्ति संख्या : 75/16/प्र0परीक्षा(मुख्य)–2020/गोपन–2/2020–21 दिनांक 08 फरवरी, 2022 द्वारा घोषित की गयी है।

2– **अभिलेख सत्यापन सूची (Documents Verification List)** में स्थान पाने वाले अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन–पत्र में किये गये दावों का उनके मूल अभिलेखों से मिलान करते हुए, सन्निरीक्षा (**Scrutiny**) का कार्य विषयवार/शाखावार व अनुक्रमांकवार परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में दिनांक **07 मार्च, 2022** से प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है, ताकि विज्ञापन की शर्तानुसार अभ्यर्थियों की अर्हता की जांच की जा सके।

3– अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच संबंधी कार्यक्रम आयोग की वेबसाइट **www.ukpsc.gov.in** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी उक्त का अवश्य अवलोकन कर लें।

4– अभ्यर्थी अभिलेखों की जांच हेतु नियत तिथि को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों को इस संबंध में पृथक से डाक द्वारा सूचना प्रेषित नहीं की जायेगी।

Sd/-
(कर्मेन्द्र सिंह)
सचिव।